यूएफबीयू के आह्वान पर जुटे बैंककर्मी

पांच दिवसीय बैंकिंग सहित मांगों को लेकर बैंककर्मियों की देशव्यापी हड़ताल

हजारों अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर बैंककर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल की। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु सहित देश के प्रमुख शहरों से लेकर राज्य और जिला मुख्यालयों तक बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया।

राजधानी में हड़ताल का मुख्य केंद्र एमपी नगर स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स, पीएनबी के पास रहा। यहां पांच हजार से अधिक बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने, बैंककर्मियों के स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़े मुद्दों के समाधान सहित अन्य मांगों को लेकर नारे लगाए। हड़ताल का नेतृत्व यूएफबीयू के संयोजक संजीव कुमार मिश्रा, मध्यप्रदेश अध्यक्ष सुबीन सिन्हा, सचिव दिनेश झा और भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ भोपाल सर्कल के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव ने किया। प्रदर्शन में विभिन्न बैंक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मचारी शामिल हुए।

बैंककर्मी नेताओं ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग केवल कर्मचारियों की सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि बेहतर ग्राहक सेवा, प्रभावी जोखिम प्रबंधन और स्वस्थ कार्य संस्कृति के लिए आवश्यक सुधार है। उन्होंने सरकार और बैंक प्रबंधन से लंबित मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों पर भी बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया। जिला और अंचल मुख्यालयों पर हुए प्रदर्शनों में बैंककर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। यूएफबीयू ने भविष्य में घोषित कार्यक्रमों को जारी रखने की बात कही है।

दिव्यांग बच्चों ने मुख्यमंत्री को भेंट कीं मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दिव्यांग बच्चों ने मिट्टी से बनाई भगवान श्री गणेश की सुंदर प्रतिमाएं भेंट कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल इन प्रतिमाओं के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा और सृजनशीलता के साथ प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने गणेश चतुर्थी पर बच्चों के हाथों से बनाई गई प्रतिमाएं खरीदकर उनकी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने का जनसामान्य से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव पर बच्चों द्वारा बनाई गई प्रतिमाएं उनके सपनों को संबल प्रदान करेंगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में बच्चों ने मुख्यमंत्री को प्रतिमाएं भेंट कीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्रोत्साहनस्वरूप नगद राशि प्रदान की। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सीहोर में संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय के बच्चों ने इन प्रतिमाओं को तैयार किया है। प्रतिमाओं का स्टॉल भाजपा प्रदेश कार्यालय परिसर में लगाया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल, संस्था की संरक्षक गुंजन चौकसे और अध्यक्ष अर्जुन सिंह उपस्थित रहे।

मनुआभान टेकरी पर कपल को चाकू की नोक पर लूटा

- तीन बदमाशों ने युवक पर किया धारदार हथियार से हमला
- मोबाइल और सोने के जेवर छीने

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मनुआभान टेकरी पर गुरुवार रात घूमने गए एक युवक-युवती को तीन बदमाशों ने चाकू की नोक पर घेरकर लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना कोहेफिजा थाना क्षेत्र की है। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार युवक अपनी महिला मित्र के साथ मनुआभान टेकरी पर घूमने गया था। इसी दौरान तीन बदमाशों ने दोनों को रोक लिया और चाकू दिखाकर सामान निकालने को कहा। आरोपियों ने युवक से आईफोन-15 और युवती से सोने की चेन व टॉप्स लूट लिए। लूट के दौरान युवक ने विरोध किया तो बदमाशों ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। कोहेफिजा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट समेत संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। मनुआभान टेकरी शहर के प्रमुख घूमने वाले स्थानों में शामिल है। यहां कपल को लूटे जाने की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं।

अयोध्या नगर को आदर्श बनाना प्राथमिकता : कृष्णा गौर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 68 स्थित अयोध्या नगर में करीब 1.43 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सर्वसुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना और अयोध्या नगर को आदर्श नगर के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन के साथ वर्षाकाल में जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता की सीमेंट-कंक्रीट सड़कों का निर्माण, आरसीसी नालियों का विस्तार, पेविंग ब्लॉक आच्छादन और सामुदायिक परिसंपत्तियों का जीर्णोद्धार शामिल है। राज्यमंत्री ने अयोध्या नगर के जी सेक्टर में 34 लाख और एल सेक्टर में 42 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़कों का शिलान्यास किया। के सेक्टर में रोटरी से इसरो नाले तक 33 लाख तथा द होम्स से अभिनव होम्स फेस-4 तक 9 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नालियों का निर्माण होगा। वर्धमान ग्रीन में 11 लाख रुपये की सीसी सड़क तथा संतोषी बिहार में 14 लाख रुपये की लागत से सड़क, नाली, पेविंग ब्लॉक और सामुदायिक भवन की छत की मरम्मत के कार्य भी शुरू किए गए।

एनआईटीटीटीआर और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के बीच समझौता

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के बीच भारतीय ज्ञान परंपरा को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन किया गया। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान, कला, संस्कृति, विज्ञान एवं तकनीकी विरासत को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

एनआईटीटीटीआर ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र से भारतीय ज्ञान परंपरा में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। समझौते से पाठ्यक्रम विकास, शिक्षण पद्धति, शैक्षणिक सामग्री और अनुसंधान गतिविधियों में विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलेगा। दोनों संस्थान भारतीय इतिहास, विज्ञान, गणित, प्रौद्योगिकी, कला, वास्तुकला और पारंपरिक तकनीकी ज्ञान पर संयुक्त शोध व प्रकाशन को बढ़ावा देंगे। आईजीएनसीए के अभिलेखीय और सांस्कृतिक संसाधनों से डिजिटल अध्ययन सामग्री, ई-पुस्तकें तथा दृश्य-श्रव्य संसाधन विकसित किए जा सकेंगे।

महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छायावाद की सुप्रसिद्ध कवयित्री और पद्म विभूषण महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' जैसी भावपूर्ण रचनाओं के माध्यम से महादेवी वर्मा ने हिंदी कविता को संवेदना, करुणा और आत्मानुभूति की गहराई प्रदान की।

एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम चरण 17 को सीट आवंटन

नप्र, भोपाल : उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के तृतीय एवं अंतिम चरण की समय-सारणी जारी कर दी है। समय-सारणी के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन और आवेदन 11 से 13 सितंबर तक होंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 11 से 15 सितंबर तक किया जाएगा। 16 सितंबर को मेरिट सूची जारी होगी और 17 सितंबर को सीट आवंटन किया जाएगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 17 से 20 सितंबर तक किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि में शुल्क जमा नहीं करने पर प्रवेश मान्य नहीं होगा।

महिला एवं बाल विकास आयुक्त ने किया बाल संस्थाओं का निरीक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला एवं बाल विकास आयुक्त संदीप जी.आर. ने पदभार संभालते ही विभागीय योजनाओं और संस्थाओं की जमीनी स्थिति की पड़ताल शुरू कर दी। शुक्रवार को उन्होंने इंदौर पहुंचकर छावनी स्थित राजकीय बाल आश्रम, संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह और वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों और महिलाओं से संवाद कर उनकी जरूरतों और समस्याओं की जानकारी ली तथा संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। राजकीय बाल आश्रम में आयुक्त ने बच्चों से बातचीत कर शिक्षा, भोजन और स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को बच्चों से संबंधित सभी अभिलेख व्यवस्थित और अद्यतन रखने के निर्देश दिए। संप्रेक्षण गृह और विशेष गृह में उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, रुचियों, समस्याओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। आयुक्त ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास से जोड़ने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य व्यवस्था के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

डिप्टी सीएम के बंगले का घेराव करने निकले कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, धक्का-मुक्की

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और लगातार हो रही मौतों के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के बंगले का घेराव करने का प्रयास किया। भोपाल युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंकित दुबे और प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से चार इमली की ओर रवाना हुए।

पुलिस ने पांच नंबर बस स्टॉप के पास बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच करीब 20 मिनट तक धक्का-मुक्की हुई। आगे नहीं बढ़ पाने पर कार्यकर्ताओं ने वहीं प्रदर्शन समाप्त कर दिया और वापस लौट गए।

प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश में लगातार लोगों की मौतें हो रही हैं, लेकिन सरकार जिम्मेदारी तय नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सागर जिले के प्रभारी मंत्री हैं, जहां जहरीली शराब से मौतों का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि यदि उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे हैं तो उन्हें पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। घनघोरिया ने रीवा में प्रसूता और नवजात की मौत, बालाघाट में बच्चों की मौत और छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामलों का उल्लेख करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस इन मामलों को लेकर सरकार से जवाब मांग रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

ट्रैफिक एसीपी के सूने घर में 10 लाख की चोरी

नप्र, भोपाल : कोलार थाना क्षेत्र के डीके-2 इलाके में गुरुवार रात ट्रैफिक एसीपी विजय दुबे के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर करीब 10 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। वारदात के समय एसीपी ड्यूटी पर थे, जबकि उनका परिवार उज्जैन गया हुआ था। एसीपी आलोक श्रीवास्तव के अनुसार बदमाश मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए। इसके बाद अलमारी में रखे करीब तीन लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। देर रात घर लौटने पर विजय दुबे ने दरवाजे का ताला टूटा देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से चोरों के उंगलियों के निशान सहित अन्य साक्ष्य जुटाए हैं।

देवड़ा को बाबा रामदेव जन्मोत्सव का निमंत्रण

नप्र, भोपाल : जीनगर समाज द्वारा आयोजित श्री बाबा रामदेव महाराज जन्मोत्सव के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारियों और समाजबंधुओं ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के पत्रक का विमोचन किया। समिति पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि बाबा रामदेव महाराज का जन्मोत्सव जीनगर समाज की आस्था, एकता और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। जन्मोत्सव के तहत 13 सितंबर को पीजीबीटी कॉलेज, गौतम नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए लखेरापुरा स्थित बाबा रामदेव मंदिर पहुंचेगी। यहां महाआरती होगी। 20 सितंबर को रात्रि जागरण और 21 सितंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग निर्माण मुख्य जबलपुर, खुली निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली)

मुख्य अभियंता/प्रोक्योरमेंट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर द्वारा तथा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना संख्या CPCWCR-04-2026 दिनांक 10.09.2026 के विरुद्ध ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बंद होने की तिथि 05.10.2026 को 15:00 बजे होगी। निविदाकर्ता केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ प्रस्तुत कर सकेंगे। उपर्युक्त निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने वाला कोई भी मैनुअल ऑफर अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएगी। **एनआईटी संख्या :** CPCWCR-04-2026 दिनांकः 10.09.2026 **कार्य का नाम एवं स्थान :** मध्य प्रदेश राज्य में भोपाल मंडल के इटारसी-बीना 4वीं लाइन परियोजना के संबंध में वन भूमि के लिए वन एवं वन्यजीव स्वीकृतियाँ हेतु सुविधा प्रदान करना, जिसमें समय-समय पर संशोधित वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 तथा लागू नियमों, दिशा-निर्देशों, अधिसूचनाओं और MoEFCC/सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार वन विचलन प्रस्ताव तैयार करना एवं प्रस्तुत करनाः पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (भारत सरकार) से चरण-I एवं चरण-II वन स्वीकृति प्राप्त करनाः वृक्ष कटाई हेतु राज्य वन विभाग से अनुमति प्राप्त करनाः तथा वन्यजीव और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) की स्वीकृतियाँ प्राप्त करना। कार्य की अनुमानित लागत (रू) : 74,61,957.00, **निविदा दस्तावेज की लागत (रू) :** 0.00, **अर्नेस्ट मनी/बयाना राशि (रू) :** 1,49,200.00, **पूर्णता अवधि (माह) :** 15 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद एवं खोलने की तिथि/समय :** 05.10.2026 को 15:00 बजे बंद तथा 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी, निविदाकर्ताओं को अपनी बोली IREPS वेबसाइट के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रस्तुत करना आवश्यक है। निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें। इस निविदा के लिए निविदा प्रपत्र के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदंड लागू होंगे।

हस्ता

उप मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट) मुख्या/निर्माण, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पीठासीन अधिकारी- अर्जित दुबे, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रमांक एम.जे.सी. 5/2026

जावक क्र. 244/20264 दि.10/09/2026

राम सिंह **विरूद्ध** सर्वसाधारण व अन्य।

प्रेषिती-1. सर्वसाधारण। 2. अनिता अहिरवार पत्नि गुड्डा उर्फ हरिप्रसाद आयु 45 वर्ष, निवासी ग्राम चीलखेडा पोस्ट चीलखेडा तहसील व जिला सीहोर म.प्र.। यह कि वादी रामसिंह आयु 65 वर्ष, थान सिंह आयु 58 वर्ष, गणेशराम आयु 55 वर्ष सभी के आत्मज श्री काशीराम निवासी ग्राम भेसखेडा, तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. द्वारा एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 152 सी.पी.सी. हेतु विविध व्यवहार वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीटर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गयी अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21.08.2020 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी कर दिया गया है।

अर्जित दुबे, न्यायाधीश चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.

1581

संग्रीला गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रजिस्ट्रेशन नं. डीआरबी 214 दि. 1/5/81 वृंदावन गार्डन के पीछे, जाटखेडी रोड, भोपाल 462026

क्र./ स.गृ.नि.स.स./वा.सा.स./2026 दिनांक 01/09/2026

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

सम्मानीय सदस्य,

संग्रीला गृह निर्माण सहकारी समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 20 सितंबर 2026 दिन रविवार प्रातः 11:00 बजे पार्क क्र. 1 में आयोजित की गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। बैठक में विचारणीय विषय निम्नानुसार है- 1. गत वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि, 2. समिति द्वारा वर्ष 2025-26 मे किये गये कार्या की प्रगति का अवलोकन एवं अनुमोदन, 3. समिति के वर्ष 2025-26 के अनअंकेक्षित लेखों (आय-व्यय) का अवलोकन एवं अनुमोदन, 4. पार्क नं. 01 में पाइप लाइन बिछाने एवं उसी मद में किये गये कार्य का अवलोकन एवं अनुमोदन, 5. संस्था की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना एवं अनुमानित बजट अनुमोदन, 6. अन्य कोई विषय अध्यक्ष की अनुमति से, 7. समिति के सभी सदस्यों से निवेदन है कि वे अपने मेंटनेंस की बकाया राशि साथ में लेकर आयें एवं रजिस्ट्री की फोटो कॉपी (जिन सदस्यों द्वारा नहीं दी गई है) साथ लावें जिनसे उनकी फाईल पूर्ण की जा सके।

एस.एस ठाकुर, अध्यक्ष
संग्रीला गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रजिस्ट्रेशन नं. डीआरबी 214 दि. 1.5.81 वृंदावन गार्डन के पीछे, जाटखेडी रोड, भोपाल 462026

1582

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गृहम फायनेंस लिमिटेड शाखा प्रबंधक महोदय के बतायें गये दिशा निर्देशानुसार व उपलब्ध करवाये गये दस्तावेजों के आधार पर श्री श्याम सुन्दर पटेल आत्मज श्री मोहन सिंह पटेल के स्वत्व व आधिपत्य का एक किता भूखण्ड क्र. 49 स्थित ग्राम सेवनिया ओंकारा प.ह.न. -20, नया रा.नि.म. 02/04 के विकास खंण्ड फंदा, तह हुजूर, जिला भोपाल जिसका कुल एरिया 750 वर्गफिट अर्थात 69.70 वर्गफिट हैं। जो खसरा क्र. 368/1/2 एवं कम्प्यूटराईज खसरा का अंशभाग हैं। उक्त वर्णित सम्पत्ति को श्री श्याम सुन्दर पटेल आत्मज श्री मोहन सिंह पटेल ने श्री महेश कुमार भनारिया आत्मज श्री मंशाराम भनारिया से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 03/02/2014 को क्रय की थी जिसका पंजीयन सव. रजि. कार्यालय में बुक क्र. अ-1 ग्रंथ क्र. 1240, दस्तावेज क्र. 3/3652 पर पंजीबद्ध है। उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु श्रीमति नेहा लोधी पत्नी श्री पुरुषोतम सिंह लोधी द्वारा एक विक्रय अनुबंध पत्र श्री श्याम सुन्दर पटेल आत्मज श्री मोहन सिंह पटेल के मध्य निष्पादित किया गया हैं। उक्त संपत्ति पर स्वीकृत लोन हेतु लोन स्वीकृति गृहम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा प्रदान की जा चुकी हैं। एवं उक्त संपत्ति बंधक रखी जा रही हैं। उक्त वर्णित संपत्ति की लिंक रजिस्ट्री दिनांक 03/02/2014 पर पंजीबद्ध हैं वह कही गुम हो गयी है उक्त सूचना सम्बन्ध में थाना प्रभारी महोदय से स्वीकृति प्राप्त कर ली गई हैं। अतः उक्त संपत्ति का किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था बैंक, कार्यालय, विभागीय संस्थान, या उक्त संपत्ति कहीं भी दान, गिरवी, बंधक या हस्तांतरित की गई हो या अन्य किसी भी प्रकार से उक्त संपत्ति का हित हो, तो आगामी सात दिवस के अन्दर मेरे वर्णित पते पर या मोबा.नम्बर. पर सम्पर्क कर सूचित करें उक्त समयावधि पश्चात् आपाकी अमान्य रहेगी।

ANAMIKA NATH Advocate
OFFICE cum Resi.: H.No.29, Satakshi Garden, Khajuri Kalan Road, Piplani, Bhopal (M.P.) 402022, M.9039026897

1583

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल

एमजेसी एसयूसी/46/2026

गुंजा कश्यप **बनाम** दी मुथुट ग्रुप प्रबंधक के माध्यम से

NEXT DATE :15-10-2026

प्रेषिती---। **आम जनता को** सूचित किया जाता है कि आवेदक गुंजा कश्यप पता मकान नंबर 81-ए/2, सागर स्टेट, अयोध्या नगर, भोपाल-462041 ने मृतक स्व. श्री राकेश कश्यप की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15-10-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15-10-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 19.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड, भोपाल

1584